तापमान
अधिकतम 21.1 डिग्री
न्यूनतम 3.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, रविवार 28 जनवरी 2024


14 गणतंत्र दिवस समारोह में शिक्षा मंत्री ने फहराया तिरंगा



14 दुराचार के मामले में कार्रवाई नहीं होने पर ....






# सबका साथ सबका विकास
# मोदी है तो गारन्टी है।

## जो राम का नहीं हमारे काम का नहीं
## जो राष्ट्र प्रेम से भटक गया
## परिवारवाद में अटक गया
## भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण में लटक गया।
## अब वो भारतीयों की आंखों में खटक गया।



नाड़ी वैद्य कायाकल्प

नाड़ी वैद्य कायाकल्प के संस्थापक
विश्वप्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य ''वैद्य सत्यप्रकाश आर्य''

## समस्या रोग नहीं है अंग्रेजी दवा है, इसे बदलिए
## आयुर्वेद व पंचकर्म चुनिए

- आप खांसी या निमोनिया के लिए गए दमा बना दिया
- आप दर्द को दूर करने के लिए गए - बी.पी., गठिया, रोगों से लड़ने की ताकत समाप्त हो गई। दवाओं ने काम करना बंद कर दिया।
- आप गैस कब्ज को दूर करने के लिए गए थे हर्नियां, Hiatus Hernia, इनगुआइनल, अम्बाइलिकल हार्निया, माइग्रेन के रोगी बन गए।
- अनिन्द्रा व डिप्रैशन को दूर करने के लिए गए - नपुंसकता, अशक्तता, घबराहट, बेचैनी के रोगी बन गए।
- मोटापा दूर करने के लिए गए - डिप्रेशन व झाईयों से ग्रस्त हो गए

**आपके रोगों का कारण दूर न होने की बजाय आप इनके एंटी बैक्टिरियल व एंटी वायरस के शिकार बनते चले गए परिणास्वरूप अनेकों रोगों के घर बन गए।**

**पंचकर्म व आयुर्वेदिक औषधियों की सहायता से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर आपके सभी रोगों का स्थाई समाधान होता है।**

| शुगर / पीलिया | कब्ज/ बी.पी. | माइग्रेन / सर्वाइकल | ऐसीडीटी/ डिप्रेशन | टाइफाइड/ नंपुसकता |
|---|---|---|---|---|

सदा दवाओं का प्रयोग करना या औषधि का काम न करना मुख्य कारण है। हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता (Immunity Power) का खत्म हो जाना इसलिए रोजाना घटनाएं घटित हो रही हैं अचानक Heart Failure या Kidney Failure, Liver Cirosis Hepatitis B-C, Cancer

**अब कोई घबराने की आवश्यकता नहीं?** आयुर्वेदिक इलाज व जानकारी के लिए संपर्क करें 8595-299-299, 7428-299-299

### डॉक्टर
#### एलोपैथी चिकित्सा

**जांच :** इलोपैथी डॉक्टर पैथोलॉजी रिपोर्ट के आधार पर जो उन्होंने रिसर्च किया है। उसी को आधार बनाकर बैक्टिरिया व रोग को जानता है।

**पीलिया :** इस पद्धति में टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर केवल Bilirubin Test के आधार पर पीलिये को निश्चित करता है।

**टायफाइड :** एलोपैथिक केवल Vidal (+) होने पर ही टायफायइड मानता है। कई बार देखा गया है (Vidral+) होने पर भी आयुर्वेदिक लक्षण को नहीं बताता।

**शुगर :** एलोपैथी में शुगर केवल Type-1, Type-II होती है, जो केवल Insulin पर आधारित है जो लक्षणों से रहित है।



जब पंचकर्म व आयुर्वेदिक औषधि,
अनुभवी वैद्य नाड़ी वैद्य कायाकल्प संस्थान में आपके पास उपलब्ध है।
जन्म के पश्चात होनने वाले प्रत्येक रोग ठीक हो जाता है।
इस चरक के सिद्रांत को नाड़ी वैद्य कायाकल्प संस्थान ने सिद्ध किया है।
जिसका देश-विदेश से हजारों-लाखों लोग फायदा उठाकर
स्वस्थ जीवन जी रहे हैं।

**आप भी जीवन का आनन्द प्राप्त करिए, आप भी स्वस्थ व दीर्घायु बनिए**

**आप देश भर में कहीं से भी घर बैठे कोरियर द्वारा दवा मंगवा सकते हैं।**

### नाड़ी वैद्य
#### आयुर्वेदिक चिकित्सा

नाड़ी वैद्य नाड़ी देखकर रोग, दोष व दुष्य को जानता है। दर्शन, स्पर्शन व प्रश्न के द्वारा रोग को सुनिश्चित करता है। वैद्य सत्यप्रकाश आर्य पिछले 40 वर्षों से आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा नाड़ी देखकर असाध्य रोगों का इलाज कर रहे हैं, इसलिए घबराएं नहीं रोगों को जड़ से समाप्त करवाने के लिए नाड़ी वैद्य कायाकल्प पर आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज करवाए। वैद्य जी नाड़ी देखकर रोग का कारण जानते हैं, फिर दवा पंचकर्म और परहेज से इसे समूल नष्ट करते हैं।

**नाड़ी दिखाने के लिए आप रोजाना आ सकते हैं रोहतक (हरियाणा) नांगलोई (दिल्ली)**

नाड़ी वैद्य कायाकल्प

**रोहतक** हुड्डा सेक्टर-1 की दूसरी पुलिया के सामने, नजदीक दिल्ली बाईपास,रोहतक (हरियाणा)
नाड़ी देखने का समय : प्रात 7 से सुबह 11:30 बजे तक
पंचकर्म : सुबह 7 से सायं 5 बजे तक

**दिल्ली** नजदीक नारायण धर्म कांटा, सोम बाजार-बुध बाजार रोड, नांगलाई-नजबगढ़ रोड, महाराजा अजमिढ़ भवन, नांगलोई (दिल्ली)
नाड़ी देखने का समय : दोपहर 1 से सायं 5:00 बजे तक
(बुधवार को अवकाश रहेगा)

आप हमारे YouTube चैनल NADI VAIDYA KALAKALP पर जाकर देखिए आयुर्वेद द्वारा सभी रोगों का घरेलू उपचार

आयुर्वेद में नये व पुराने रोगों का घरेलू इलाज जानने के लिए स्कैन करें।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 8595-299-299, 7428-299-299
For more details : visit our website : www.nadivaidyakayakalp.in

Follow us :

## खबर संक्षेप

### झोपड़ियां में महिलाओं को हाइजिन किट बांटी

**तरावड़ी।** बैंक ऑफ़ बड़ोदा ग्रेन मार्केट शाखा तरावड़ी ने 75वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर झुग्गी झोपड़ियां में जाकर महिलाओं को हाइजिन किट बांटी । इस अवसर पर शाखा प्रमुख सिद्धांत सिंह कानावत ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर हमने झोपड़िया में जाकर महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर हाइजीन किट बांटी।

### शहीद वीरों के मार्ग पर चलने का लें संकल्प : जोगिंद्र

**करनाल।** कांग्रेस सेवादल की ओर से नीलोखेड़ी के आर्यन पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। सेवादल नेताओं व स्कूल प्रबंधकों ने ध्वजारोहण किया। प्रदेश महासचिव जोगिंद्र चौहान व जिला प्रधान अनिल शर्मा ने अपने संदेश में शहीद वीरों के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आजाद भारत की खुली हवाओं में जीते हुए हमारा फर्ज बनता है कि देश के प्रति अपने कर्तव्यों का भी पालन करें। देश के संविधान में विश्वास रखें।

## देश अमरशहीदों को याद कर विद्यार्थियों को पढ़ाया देशभक्ति का पाठ

# इंद्री में गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर सांसद संजय भाटिया ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

अनाज मंडी इंद्री में आयोजित उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर सांसद संजय भाटिया ने ध्वजारोहण किया तथा परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर उपमंडल इंद्री में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सभी उप-मण्डल वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और शहीदों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सांसद संजय भाटिया ने कहा कि आज हर भारतवासी के लिए हर्षोल्लास का दिन है और डॉ. भीमराव अम्बेडकर सहित संविधान समिति को नमन करते हुए कहा कि सन 1950 को इसी दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। उन्होंने कहा कि शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की बदौलत हमें आजादी प्राप्त हुई है।



इंद्री। अनाज मंडी इंद्री में गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली टीमों के साथ सांसद संजय भाटिया ।

उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में हरियाणा प्रदेश का अहम योगदान रहा है और आज भी भारतीय सेना में हर दसवां जवान हरियाणा से है। उन्होंने कहा कि असंख्य बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद अयोध्या में राम मंदिर बना हैं। हरियाणा सद्भाव, सौहार्द, समान विकास, समरसता के साथ-साथ उन बदलावों का साक्षी रहा हैं, जिनसे हर आदमी का जीवन सरल, सुगम और सुरक्षित हुआ है। गरीबों के सिर पर छत उपलब्ध करवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 36 हजार से अधिक मकान बनाए गए हैं, जबकि 16 हजार मकान बनाए जा रहे हैं। गरीबों का अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने का सपना साकार करने के लिए चिराग योजना चलाई गई है। यही नहीं, कौशल रोजगार निगम के माध्यम से कर्मचारियों की भर्ती में भी गरीब परिवारों के युवाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। कृषि क्षेत्र में मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल बनाकर किसान कल्याण की अनेक योजनाओं को इससे जोड़ा गया है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसडीएम अशोक कुमार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी साहब सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अंजु सरदाना, खंड कृषि अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार, नगरपालिका सचिव धर्मबीर सिंह,भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मपाल शांडिल्य, महिन्द्र सिंह, महिन्द्र पाल तोमर व रणबीर गोयत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया गणतंत्र का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 75 वाँ गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर कर भाग लिया। बच्चों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक महोदय श्री बालकृष्ण त्रिपाठी जी ने अपने कर- कमलों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया। सभी शिक्षक गणों और बच्चों ने मिलकर मधुर ध्वनि में राष्ट्र-गान प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रागिनी राय जी एवं मुख्याध्यापक सुभाष चंद्र जी ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। और मिठाई बाँटी इस अवसर पर निर्देशक सुरेश चंद्र, प्राध्यापिका कर्मजीत कौर, किरण गुप्ता आदि रहे।




### 75वें गणतंत्र दिवस समारोह पर राधा कृष्ण गौशाला में मनाया गया

**करनाल।** श्री राधा कृष्ण गौशाला में आज 75 वें गणतंत्र दिवस समारोह के मौके पर ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में हरमीत सिंह हैप्पी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विपिन शर्मा रहे। दोनों अतिथियों के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सभी को देशभक्ति के अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।गौशाला के गो सेवको द्वारा देश भक्ति के गीत प्रस्तुत किये गए। सभी सदस्यों ने गोऊ माता को चारा और गुड़ खिलाया और सभी गोसेवकों और सम्मानित सदस्यों को मिठाई वितरित की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि हरमीत सिंह हैप्पी ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर देश का संविधान बना था। हम सबको अपने देश के प्रति सजग रहना चाहिए और देशभक्ति की भावना होनी चाहिये। इस मौके पर हंस राज सचिव, गोपी चंद आर्य, मेहता, अश्वनी स्वामी , विनोद खेतरपाल, पिंटू, सुनील, रितिक , पवन कुमार, सोनू आदि रहे।



## शहीद उधम सिंह महाविद्यालय में विद्यार्थियो को किया एड्स के बारे में जागरूक




**इंद्री।** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय इंद्री मे रेड रिबन एवं रेड क्रॉस क्लब द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां कराई गई जिसमें लगभग 50 से अधिक विद्यार्थियो ने भाग लिया । इन गतिविधियों में एडस के बारे में विस्तार से बताया गया । कार्यक्रम का संचालन रेड रिबन एवं रेड क्रॉस क्लब सदस्य प्रो पूजा व प्रोफेसर सविता रानी ने किया । प्रो पूजा ने विद्यार्थियों को हेल्पलाइन 1097 के बारे में बताया और उनको एचआईवी / एड्स के बारे में जागरूक कराया तथा उसके कारणों और रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी । प्रो सविता ने एडस एप के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया । उन्होने इस मुहिम के महत्व को समझाते हुए कहा कि अगर हम जागरूक होंगे तभी हम किसी और को जागरूक कर पाएंगे।

# सीएम आवास के बाहर कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

■ शहर में कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल कांग्रेस कमेटी के 21 सदस्यीय दल ने शनिवार को सीएम आवास पर प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंप कर मुख्यमंत्री से मांग की है कि करनाल में कानून व्यवस्था दुरुस्त की जाए। हरियाणा पुलिस में नई भर्ती की जाएं और करनाल में पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाई जाए। कांग्रेस का यह दल जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह की अगुवाई में सीएम आवास पर पहुंचा था। इस मौके पर त्रिलोचन सिंह ने कहा कि सीएम के विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे करनाल जिले में कानून व्यवस्था पंगु होती जा रही है। बीते दिन एक वरिष्ठ समाजसेवी अशोक सुखीजा पर जानलेवा हमला कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि करनाल में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रही। पुलिसकर्मियों की संख्या कम होने की वजह से भी अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। सीएम को कानून व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग को लेकर पहले भी कई बार पत्र सौंपे जा चुके हैं। करनाल उपायुक्त और करनाल पुलिस अधीक्षक को भी ज्ञापन सौंपकर करनाल को अपराधियों से मुक्त करवाने की मांग की गई है। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मुख्यमंत्री संज्ञान लें और अपराधियों के खिलाफ सख्त एक्शन के निर्देश दें। इस अवसर पर महिला प्रधान उषा तुली, रानी कांबोज, अंशुल लाठर, जागीर सैनी, रोहित जोशी, दया प्रकाश, एडवोकेट अमरजीत, संजय, सतपाल जाणी, नीलम मल्होत्रा, अनिल शर्मा, गगन मेहता, जोगा अघी, राजिंद्र पप्पी, रीमा तोमर, अशोक गुप्ता, परमजीत भारद्वाज, पवन शर्मा, विनोद काला प्रधान, प्रकाश वीर, डा. रामप्रकाश, राजपाल तंवर, अशोक दुग्गल, कर्ण वाल्मीकि, भारत भूषण, कर्मपाल सिंह, सागर चड्ढा, सुनीता शर्मा व निम्मी सलमानी आदि मौजूद रहे।




करनाल। शहर में विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

### बंद घर से चोरों ने उड़ाया 40 हजार कैश-गहने

**करनाल।** करनाल के उत्तम नगर के एक मकान में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। मकान मालिक अपने परिवार के साथ अपने पिता की मौत पर गांव फतेहपुर गया था। मकान के अंदर से 30 से 40 हजार रुपए की नकदी व लाखों रुपए के सोने चांदी के गहने चोरी हुए हैं। पड़ोसियों ने चोरी की जानकारी मकान मालिक को दी। मकान मालिक घर पहुंचा तो घर में सारा सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ति ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।फतेहपुर का रहने वाला परिवार उत्तम कॉलोनी निवासी प्रदीप ने शिकायत में बताया है कि वह फतेहपुर गांव का रहने वाला है।

## करनाल में भाजपा के पूर्व अध्यक्ष पर जानलेवा हमला

■ युवकों के झगड़े का वीडियो बनाने पर हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सेक्टर 14 में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पर कुछ युवकों द्वारा जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। उनका इलाज करनाल के निजी अस्पताल में चल रहा है और सिर से ज्यादा खून बहने से हालत गंभीर बनी हुई है। वारदात कुछ युवकों के झगड़े के दौरान वीडियो बनाने को लेकर हुई। वहीं पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर एक आरोपी युवक को हिरासत में लिया है। पुलिस उससे पूछताछ की रही है। जानकारी देते हुए सेक्टर 13 चौकी इंचार्ज संदीप ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब साढ़े 9 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि सेक्टर 4 पार्ट 2 निवासी भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक सुखीजा पर कुछ युवकों द्वारा हमला किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक उनको इलाज के लिए अस्पताल लेकर जा चुके थे। पुलिस ने इस दौरान एक आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ की रही है।

### 75वें गणतंत्र दिवस पर शहीदों को किया याद

**करनाल।** रियल एस्टेट डेवलपर अल्फाकॉर्प ने अल्फाकॉर्प इंटरनेशनल सिटी करनाल में देशभक्तिपूर्ण उत्साह के प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ भारत के 75वें गणतंत्र दिवस को मनाने में प्रमुख भूमिका निभाई। ध्वजारोहण समारोह ने राष्ट्रीय गौरव और एकता के प्रति साझा प्रतिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत किया।गणतंत्र दिवस समारोह, भारतीय कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो 26 जनवरी, 1950 को भारत के संविधान को ऐतिहासिक रूप से अपनाने के लिए श्रद्धांजलि देता है। अल्फाकॉर्प का सक्रिय आयोजन देश के अंदर देशभक्ति और एकता की गहरी भावना को बढ़ावा देना है।

# शहीदों को याद कर तरावड़ी रेलवे स्टेशन पर किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक के०के ०सिंह व रेल यात्री वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश गुप्ता व पदाधिकारीयो व यात्रियों की मौजूदगी में मनाया 75 वा गणतंत्र दिवस इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक के०के० सिंह ने बातचीत करते हुए गणतंत्र दिवस की सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी और बताया कि स्टेशन पर विकास के कार्य लगातार चल रहे जल्द ही तरावड़ी रेलवे स्टेशन पर बनेगा फुट ओवर ब्रिज लोगों को समस्याओं से मिलेगी निजात इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष रमेश गुप्ता गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश प्रतिदिन नरेंद्र मोदी की सरकार में चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर हो रहा है उन्होंने बातचीत करते हुए बताया कि तरावड़ी स्टेशन पर लगातार ट्रेनों की संख्या घटती जा रही है जोकि खेद का विषय है जिससे यात्रियों को लगातार समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने बातचीत करते बताया कि कोरोना काल से पहले जो गाड़ियां बंद कर दी गई थी पुन बहाल की जाए व इसके अतिरिक्त तरावड़ी स्टेशन पर दादर एक्सप्रेस 11057 का ठहराव आज तक बहाल नहीं हो पाया है इसके लिए उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री जी, रेल मंत्री,सांसद महोदय, माननीय मुख्यमंत्री, माननीय विधायक से गाड़ियों को बहाल करने बारे गुहार लगाई ताकि आमजन को राहत मिल सके इस अवसर पर रेलवे स्टेशन स्टाफ से कर्ण सिंह स्टेशन मास्टर, गुरूमीत कुमार स्टेशन मास्टर, केशव राम स्टेशन मास्टर, दीपक स्टेशन मास्टर, जनार्दन दत्त शंटिंग मास्टर ,विनोद, हंसराज, सुमित, हरि सिंह मीना, देशराज काटेवाला , प्रदीप,रामचंद्र आदि रहे।




तरावड़ी। यात्री संघ के पदाधिकारी रेलवे स्टेशन पर झंडा फहराते हुए।

# बच्चों ने देशभक्ति की प्रस्तुतियों पर किया भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कुंजपुरा गांव में विकास क्लब की ओर से रामलीला ग्राउंड में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। ग्रामीणों ने स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को नमन किया। क्लब की सांस्कृतिक इकाई के बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। पूर्व सरपंच महेंद्र सिंह फौजी ने राष्ट्रध्वज फहराया। सरपंच सुमनलता बतान ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले बच्चों को सम्मानित किया। क्लब के संरक्षक संत प्रेमपाल सागर ने शहीदों के सपनों का भारत बनाने का संदेश देते हुए राष्ट्रभक्ति को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी। इस मौके पर क्लब के प्रधान परविंद्र भाटिया, सावित्री आर्या, अमित कामरा, मुनीष भाटिया, सुनील धारीवाल, नितिश भारद्वाज, शिक्षक अश्विनी शर्मा, अधिवक्ता रवि चौहान, सुरेंद्र राणा, अनिल शर्मा, अविनाश, राजपाल रोजड़ा, रामेश्वर दास, विक्की चौहान, अंशुल राणा, पंकज गहलोत, सेजल, सावन पंवार के अलावा अन्य विद्यार्थी व ग्रामीण मौजूद रहे।



करनाल। कुंजपुरा गांव के रामलीला मैदान में समाजसेवी सावित्री आर्या को सम्मानित करती सरपंच सुमनलता बतान।

### मांगो को लेकर विधायक कल्याण से की मुलाकात

**घरौंडा।** आरुट जी महाराज पंजाबी सभा अपनी मांगो को लेकर विधायक हरविंदर कल्याण के पास पहुँचे।जिसमे अपनी मांगो को लेकर मिले। सभा को हरविंदर कल्याण ने समाज की बातो को निर्मतापूर्वक सुनकर मदन लाल ढींगरा जी की मूर्ति एवम अरूट जी महाराज चौंक बनवाने का पूरा आसवासन दिया।महाराज पंजाबी सभा के पदाधिकारी सुमित पोपली,दिनेश गुंबर, हरिओम चुघ, सर्जीव विग,सतीश बजाज,शेरू विग, गगन दीप विग,अमन भंडारी, सिंदर स्यान, कृष्ण लाल सोनी, सुनील ढींगरा, रवि गुलाटी,पराग विग, विनय विग, पुन्नू चुघ, संजय चुघ, रिकी ग्रोवर,रिंकू वाधवा रहे।

# बजाज आलियांज़ ने किया करनाल में नए ऑफिस का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस ने मुग़ल कैनाल करनाल में अपने नए ऑफिस के उद्घाटन की घोषणा की है. इस रणनीतिक विस्तार का उद्देश्य है भारत के टियर 2 और टियर 3 शहरों में बीमा की उपलब्धता को बढ़ाना और भारत के नागरिकों को आर्थिक स्थिरता प्रदान करना.भारत की अर्थव्यवस्था तेज़ी से विकसित हो रही है, लेकिन इसके साथ ही जोखिम और अनिश्चितताएं भी बढ़ रही हैं। बजाज आलियांज़ का उद्देश्य है करनाल की जनता को अपने नए उत्पाद और समाधान प्रदान करना है। बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस में, नेशनल हेड- जियो अमितेश आनंद ने कहा, आज की तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में, अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में बीमा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और विशाल डिस्ट्रिब्यूशन चैनलों के माध्यम से, अपने उत्पाद और संबंधित सेवाओं को देश के प्रत्येक हिस्से तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।




### मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज करनाल प्रवास पर वार्ड नंबर 11 की जनता से करेंगे जन संवाद

*करनाल। मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार 28 जनवरी को करनाल प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री दोपहर बाद 3 बजे शहर के वार्ड नंबर 11 की जनता से जन संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं का निवारण करेंगे। मुख्यमंत्री इसके बाद सायं करीब 4.30 बजे बांसो गेट स्थित संत दुर्बलनाथ जी महाराज की नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त अनीश यादव ने शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों की टीम के साथ कार्यक्रम स्थलों का दौरा किया और प्रबंधों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश। उपायुक्त सबसे पहले वार्ड नंबर 11 स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल मॉडल टाउन के प्रांगण में आयोजित होने वाले जन संवाद के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और वहां पर प्रबंधों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त इसके बाद बांसों गेट करनाल स्थित संत दुर्बलनाथ जी महाराज की नवनिर्मित प्रतिमा के अनावरण के लिए आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और वहां पर भी प्रबंधों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता डीएसपी वीर सिंह, एसडीएम घरौंडा अदिति, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कार्यकारी अभियंता धर्मवीर सिंह, नगर निगम की कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा, वार्ड नम्बर 11 की पार्षद रमनजीत कौर, पार्षद प्रतिनिधि गिनी सहित अन्य विभागों के अधिकारी तथा बांसों गेट से संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे।*

## रोष

## एमएसपी पर खरीद गांरटी का कानून बनाए केंद्र सरकारः रतनमान

# किसानों ने निकाली ट्रैक्टर परेड,रामलीला मैदान से पहुंचे जिला सचिवालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन ने अपनी लंबित मांगों को लेकर विरोध स्वरूप सीएम सिटी करनाल में ट्रैक्टर परेड निकाल कर जोरदार प्रदर्शन किया। दोपहर को सैकड़ों की संख्या में किसान अपने ट्रैक्टर लेकर रामलीला मैदान में एकत्रित हुए। जिसके बाद शहर की मुख्य सडक़ों से होते हुए जिला सचिवालय पहुंचे और प्रशासनिक अधिकारी को मांग पत्र सौंपा। इस दौरान सर्व कर्मचारी संघ ने भी किसानों की इस ट्रैक्टर परेड का समर्थन किया। इसके अलावा असंध व निसिंग में भी किसानों ने जोरदार ट्रे1टर परेड निकाली। इस दौरान भारी पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा है। ट्रैक्टर परेड में शामिल किसानों ने कहा कि इस परेड को लेकर किसानों में जोश है। जिस तरह से किसानों को सरकार की तरफ से गुमराह किया जा रहा है और मांगों को नहीं माना जा रहा है। उससे किसानों में रोष है। इस अवसर पर प्रेममचंद शाहपुर, प्रदेश महासचिव,भूपेंद्र सिंह लाडी, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुमन, शाम सिंह मान, सुरेंद्र सागवान, सुरेंद्र बैनीवाल, दिलावर सिंह सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।



### शांतिपूर्वक तरीके से हूआ कार्यक्रम

भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शांतिपूर्ण तरीके से ट्रैक्टर परेड निकाली गई है। उन्होंने अपनी मांगों का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार आज तक न तो एमएसपी पर खरीद गारंटी का कानून बना पाई है और न ही किसान आंदोलन से जुड़े मुकदमों को वापस लिया गया है। उनकी बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा नहीं मिला और न ही बिजली व पराली बिल का समाधान किया गया है। लखीमपुर कांड में भी सरकार न्याय नहीं कर सकी है। इन्हीं मुद्दों को लेकर ट्रैक्टर परेड निकाली जा रही है। इसके साथ ही किसानों को जबरदस्ती नैनो यूरिया दिया जा रहा है। किसान यूरिया लेने के लिए जाता है। लेकिन उसे वहां पर नैनो यूरिया थमा दिया जाता है। किसी को नैनो यूरिया जबरन दिया गया तो इफको की

## खबर संक्षेप

### कमानीदार चाकू सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र के गांव बब्याल से पुलिस ने आरोपी तरूण को अवैध कमानीदार चाकू ,लोहा राड व बुलेट मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया है। गश्त के दौरान पुलिस को देखकर एक संदिग्ध बुलेट मोटरसाइकिल सवार ने फरार होने का प्रयास किया। पुलिस ने तुरंत उसका पीछा कर काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी से कमानीदार चाकू व लोहा रॉड बरामद हुई।

### पूर्व विधायक ने अनदेखी का आरोप लगाया

**अंबाला।** पूर्व विधायक व डेलीगेट प्रदेश कांग्रेस कमेटी जसबीर मलौर ने कार्यकर्ताओं के साथ अंबाला शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए भाजपा-जजपा सरकार व नगर निगम पर अंबाला शहर की अनदेखी का आरोप लगाया। मलौर ने कहा कि आज शहर में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है।

### पेड़ काटने वाले पर केस दर्ज

**बराड़ा।** गांव अधोया की पंचायती जमीन से पेड़ काटने के मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज हो गया है। बीडीपीओ सुशील मंगला की ओर से पुलिस को दी गई इस बाबत शिकायत में कहा गया कि गांव में पंचायती भूमि जोकि गउचरांद के पास खसरा नं 74/2 है। उसमें से गांव के व्यक्ति जसबीर सिंह ने लगभग 70-75 पेड़ सफेदा के काट लिए हैं। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाबा साहब की फोटो पर फैंकी गंदगी

**बराड़ा।** गांव तंदवाली में शरारती तत्वों द्वारा स्वागत गेट पर बनी बाबा साहब के फोटो पर गंदगी फेंकने का मामला सामने आया है। ग्रामीण रोहित कुमार, रविन्द्र कुमार, अविनाश, अमित कुमार, कपिल, चेतन, राहुल, परमजीत, कनिक, अमन व रजत ने बताया कि गांव तंदवाली के बाहर राऊमाजरा को जाने वाली सडक़ पर ग्राम पंचायत की ओर से स्वागत द्वार लगाया।

### ऑपरेटर के हत्यारे नहीं आए काबू

**बराड़ा।** ट्यूबवेल ऑपरेटर की हत्या की गुत्थी अभी तक भी नहीं सुलझ पाई है। इसको लेकर ग्रामीणों में बेहद रोष है। ग्रामीणों ने अब गृहमंत्री अनिल विज से मुलाकात करने का निर्णय लिया है। ट्यूबवेल ऑपरेटर गोल्डी की हत्या किन कारणों से हुई इसको लेकर परिजन बेहद परेशान हैं।

गणतंत्र दिवस समारोह में शिक्षा मंत्री ने फहराया तिरंगा, परेड़ की सलामी ली, शहीदों के परिजन हुए सम्मानित

# गणतंत्र से देशवासियों को मिला सामाजिक समरसता तथा जनप्रतिनिधित्व का अधिकार

- जिले के सभी उपमंडलों में भी रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ गणतंत्र दिवस समारोह, छात्रों ने मचाई धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला






**अंबाला।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में शिक्षा मंत्री को सम्मानित करते अधिकारी, परेड की सलामी लेते हुए व कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुति देते स्कूली छात्र।

पूरे जिले में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूली छात्रों ने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर वाहवाही लूटी। अंबाला शहर स्थित पुलिस लाइन परिसर में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह भव्य आयोजन हुआ। प्रदेश के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने यहां ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इससे पहले उन्होंने अंबाला शहर पुलिस लाईन स्थित शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी।यहां अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 74 वर्ष पहले हमारा संविधान लागू हुआ था। यह ऐतिहासिक दिन देशवासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने के लिए साहस और प्रेरणा देता है। यह दिन हमें भारत गणराज्य की स्थापना की याद दिलाता है। इस दिन हम उन महापुरुषों को भी याद करते हैं जिन्होंने देश को स्वतंत्रता दिलवाने और भारतीय संविधान को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनकी बदौलत ही भारत एक गणराज्य देश कहलाता है। देश को आजादी दिलाने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महापुरूषों और स्वतंत्रता सेनानियों ने कड़ा संघर्ष किया। शहीद भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद और उधम सिंह जैसे क्रांतिकारियों ने बलिदानों के कारण ही हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत में पूर्ण स्वराज' के लिए लंबे समय तक संघर्ष किया है। उन्होंने ऐसा इसलिए किया ताकि उनकी आने वाली पीढ़ियां किसी की गुलाम बनकर न रहे। उन्होंने देशवासियों को सामाजिक समरसता तथा जनप्रतिनिधित्व का अधिकार दिया है। स्वतंत्रता के बाद से ही भारत दुनिया में एक बड़ी ताकत के तौरपर अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहा है। इसका श्रेय हमारे उनराजनेताओं को, यहां के कर्मठ किसान-मजदूरों को, कारीगरों को तथा साईंस दानों को जाता है जिन्होंने दिन-रात एक करके इसदेश को विकास की गति प्रदान की। हमारा भारतदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चंहुमुखी प्रगति कर रहा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि देश की प्रगति के इस सफर में हरियाणा का भी महत्वपूर्ण योगदान है। हरियाणा ने भी प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक विकास को नए आयाम प्रदान किये हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खेलों में हमने नई उंचाइयों को छूआ है। भारतीय सेना का हर दसवां जवान हरियाणा प्रदेश से है। हम अपने शहीदों के बलिदानों का कर्ज तो नहीं चुका सकते लेकिन उनके परिजनों की देखभाल करके उनके प्रति सम्मान अवश्य जता सकते हैं। इस दिशा में हमने 'सैनिक व अर्ध-सैनिक कल्याण विभाग' का गठन किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों और अर्ध-सैनिक बलों के जवानों की अनुग्रह राशि 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दी है। इसी प्रकार आईईडी. बलास्ट में शहीद होने पर भी अनुग्रह राशि 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये की गई है। अब तक शहीदों के 367 आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नौकरी भी प्रदान की गई है। सुशासन से सेवा' के संकल्प के साथ जनसेवा का दायित्व संभालने वाली वर्तमान सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ-सबका विकास' और 'हरियाणा एक-हरियाणवी एक' के मूलमंत्र पर चलते हुए समस्त हरियाणा और प्रत्येक हरियाणवी की तरक्की और उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सदियों की प्रतीक्षा और सदियों का अभूतपूर्व धैर्य, अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद हमारे प्रभु श्री राम का मंदिर अयोध्या में स्थापित हुआ है।

## इन शख्सियतों को मिला सम्मान

इस मौके पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों तथा समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वालों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करने का काम किया गया। शास्त्रीय संगीत के लिए मृदुल कपिल, ताइक्वांडो खिलाड़ी, सुश्री मिलन, खिलाड़ी हरमनजोत सिंह, मुक्केबाज जसलीन कौर, योग के क्षेत्र में काम करने पर राजेंद्र विज को सम्मानित किया गया। सेवादार पदम, शगुन गुप्ता को सफाई दरोगा प्रवीन कुमार प्राध्यापक पूनम रजौरा , डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. जितेन्द्र सिंह चौहान , अमित कुमार, दंत चिकित्सक डॉ. गीतांजली पराशर, एसआई जरनैल सिंह , ईएएसआई जसविंद्र सिंह, ईएएसआई बलजीत सिंह व पत्रकार अशोक अंटवाल को पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने सम्मानित किया गया। इसी तरह नेहा प्रवीन, दलीप सिंह , सुखबीर कौर, रवि कुमार , प्रवीन राठी व राघव अनेजा को भी सम्मान मिला। गणतंत्र दिवस समारोह में परेड की प्रस्तुति देने वाले टुकडियों में जिला पुलिस (महिला) की टुकड़ी को पहला स्थान, जिला पुलिस (पुरूष) की टुकड़ी को दूसरा स्थान व पुलिए डीएवी स्कूल अंबाला शहर के बैंड को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एसवीएम बाल भारती स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भंगडे को पहला स्थान, एमएम यूनिवर्सिटी मुलाना के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी नृत्य को दूसरा स्थान व राजकीय महिला महाविद्यालय अंबाला शहर के विद्यार्थियों द्वारा गिद्धा को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार झांकियों में शिक्षा विभाग की झांकी को पहला स्थान, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की झांकी को दूसरा तथा वन विभाग की झांकी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। शिक्षा मंत्री ने इन सभी विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त डॉ. शालीन ने मुख्य अतिथि को अयोध्या में नवनिर्मित भगवान श्री राम के मंदिर का स्मृति चिह्न भेंट किया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री श्री कंवरपाल ने कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप 11 लाख रूपये देने की घोषणा की। मौके पर मंडलायुक्त रेणू एस फूलिया, मेयर शक्ति रानी शर्मा, उपायुक्त डॉ. शालीन, एसपी जश्नदीप सिंह रंधावा, नगर निगम आयुक्त संगीता तेतरवाल, अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश विश्वजीत सिंह, आरटीए सुशील कुमार, एएसपी दीपक कुमार, एएसपी पूजा डाबला, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा हरियाणा बंतो कटारिया, भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा, जिला परिषद के चेयरमैन राजेश लाडी, रितेश गोयल, नीता खेड़ा, अनुभव अग्रवाल, विनोद, जेजेपी के शहरी अध्यक्ष हरपाल सिंह कांबोज, जेजेपी के ग्रामीण अध्यक्ष दलबीर सिंह पूनिया, निगम सदस्य यतिन बंसल, एडवोकेट नम्रता गौड़, अरूण भान, दिनेश लदाणा, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, सिविल सर्जन डॉ. कुलदीप सिंह, डीएफओ पवन शर्मा, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, जिला उद्यान अधिकारी डॉ. विरेन्द्र पूनिया के साथ-साथ अन्य अधिकारी लोग मौजूद रहे।

## संविधान के लागू होने से देश बना गणतंत्रः पंवार

- शहीदों की वजह से खुली हवा में ले रहे सांस : पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** परेड की सलामी लेते सांसद कृष्ण पंवार व कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र।

अंबाला छावनी स्थित एसडी कॉलेज परिसर में उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह भव्य और शानदार तरीके से मनाया गया। सांसद कृष्ण लाल पंवार ने ध्वजारोहण किया, परेड की सलामी ली। इससे पहले सांसद कृष्ण लाल पंवार ने कॉलेज परिसर में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पुष्प अर्पित की। साथ ही शहीद स्मारक पर भी नमन किया। पंवार ने कहा कि यह ऐतिहासिक दिन देशवासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढऩे के लिए साहस और प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि शहीदों ने भारत को स्वतंत्रता दिलवाने और भारतीय संविधान को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनकी बदौलत ही भारत आज एक गणराज्य देश कहलाता है। देश को आजादी दिलाने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महापुरूषों और स्वतंत्रता सेनानियों ने कड़ा संघर्ष किया। शहीद भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद और उधम सिंह जैसे क्रांतिकारियों ने बलिदानों के कारण ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। पंवार ने कहा कि हमारे महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत में "पूर्ण स्वराज" के लिए लम्बे समय तक संघर्ष किया है।

# दुराचार के मामले में कार्रवाई नहीं होने पर गोहाना डीएसपी को फटकार

- दुराचार के अन्य मामले में गृह मंत्री अनिल विज ने भिवानी एसपी को भी कार्रवाई के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** गृहमंत्री के आवास पर लगी लोगों की लाइनें।

दुराचार पीड़िता की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए गृहमंत्री अनिल विज ने गोहाना डीएसपी को फटकार लगाई है। दुराचार के अन्य मामले में भिवानी के एसपी को भी मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। विज शनिवार को अपने आवास पर लोगों की फरियादें सुन रहे थे। गोहाना से आई दुराचार पीड़िता ने बताया कि मामले में पुलिस ने अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। डीएसपी उसी व्यक्ति के साथ समझौता करने की बात कह रहे हैं। डीएसपी की कार्यप्रणाली से खफा हुए विज ने डीएसपी गोहाना को फोन पर कड़ी फटकार लगाई। साथ ही आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। भिवानी से आई महिला ने दुराचार के मामले कार्रवाई नहीं होने की शिकायत की। महिला ने बताया कि पुलिस ने दुराचार का केस दर्ज करने के बाद से अब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है और पुलिस फैसले के लिए दबाव बना रही है। यमुनानगर से आई आंगनवाडी वर्कर ने शिकायत देते हुए बताया कि थाना छप्पर क्षेत्र में आंगनवाड़ी में प्रतिदिन बदमाश जबरन दाखिल हो जाते हैं। वहां पर वे बदमाशी करते हैं।वहां बैठकर ताश भी खेलते हैं। महिला का आरोप था कि पुलिस ने इस संबंध में कार्रवाई नहीं की है। एसपी, यमुनानगर को फोन करते हुए मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। सिपाही ने शिकायत देते हुए बताया कि उसने ईमानदारी से अपनी नौकरी की है, मगर कुछ समय पूर्व उसे एक झूठे मामले में फंसाया गया। बाद में उसे जेल भी जाना पड़ा। इस मामले को लेकर उसकी प्रमोशन पर भी असर पड़ा। उसका आरोप था कि जो केस उस पर दर्ज किया गया वह गलत था और उसके पास केस से जुड़े प्रमाण भी हैं। में डीजीपी को तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर जांच के निर्देश दिए।

# स्कूली छात्रों को पूर्व मंत्री ने बांटीं साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कुर्बानपुर में छात्रों को साइकिल वितरित करते हुए पूर्व मंत्री विनोद शर्मा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने शनिवार कई गांवों का दौरा कर 11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों को साइकिलें वितरित की। इस दौरान विनोद शर्मा ने गांव भड़ी, अहमा, कुर्बानपुर, सैनी माजरा, इस्माईलपुर और सुल्लर जाकर स्कूली बच्चों को साइकिलें देकर उन्हें पुरजोर तरीके से शिक्षा हासिल करने के लिए प्रेरित किया। शर्मा ने कहा कि हर अभिभावक की इच्छा होती है कि उसका बच्चा पढ़ लिखकर नौकरी लगे। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को एक गांव से दूसरे गांव में पढ़ाई के लिए जाने में बहुत समय लग जाता था जिसको देखते हुए यह फैसला लिया गया कि बच्चों को साइकिल वितरित की जाएं ताकि 11वीं 12वीं में पढ़ने वाले बच्चों का समय बच्चे और वह अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सकें। उन्होंने कहा कि हर घर रोजगार उनकी प्राथमिकता है और यह तभी संभव हो सकता है जब अंबाला में आईएमटी लग जाए। शर्मा ने कहा कि वह आईएमटी लगवा कर रहेंगे। उन्होंने कहा कि अगर आज आईएमटी लगता है तो निश्चित तौर पर आने वाले 10 से 15 साल में हर घर रोजगार संभव हो सकता है। रोजगार न होने के कारण यहां के बच्चों को मजबूर होकर विदेश जाना पड़ रहा है। आईएमटी लगने के बाद विदेश जाने वाले युवाओं की संख्या में बेहद कमी आएगी। उन्होंने कहा कि मैंने अंबाला को हमेशा अपना परिवार समझा है। हमेशा अपना परिवारिक रिश्ता निभा है। जब भी कोई आपदा आई है मैं हमेशा परिवार का सदस्य होने के नाते साथ रहा हूं।

# गणतंत्र दिवस पर कांग्रेसियों ने निकाली प्रभातफेरी

- पूर्व विधायक की पुत्रवधू ने फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** गणतंत्र दिवस पर अनाजमंडी में तिरंगा फहराती राजरानी धमीजा और अन्य।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस बड़ी धूम-धाम से कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा की अध्यक्षता अनाज मंडी प्रांगण में मनाया गया। इससे पहले सुबह 7 बजे छावनी के कांग्रेस भवन से प्रभातफेरी भी निकाली गई जो की मुख्य बाजारों से होती हुई अनाज मंडी के प्रांगण में पहुंची।प्रभातफेरी का मुख्य बाजारों में बड़ी धूमधाम से स्वागत भी किया गया। ध्वजारोहण करने के लिए मुख्य अतिथि के तौर पर प्रसिद समाजसेवी व स्वर्गीय पूर्व विधायक राम दास धमीजा की पुत्रवधू राजरानी धमीजा ने तिरंगा फहराया व सलामी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ कॉंग्रेसी नेताओ व पुराने कांग्रेसी बुजुर्गों को चित्रा सरवारा द्वारा स्मृति चिन्ह भी भेट किया गया। अम्बाला छावनी के काफी लोगों ने इस उपलक्ष्य में बढ़ चढ़कर भाग लिया और अनेको स्कूलों के बच्चों ने देश भक्ति के गीत गाकर अपनी प्रतिभा दिखाई इस अवसर पर राजरानी धमीजा व चित्रा सरवारा ने स्कूली बच्चों व सफाई कर्मचारियों को समृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित भी किया। उसके उपरांत सभी को मिठाईयां भी बांटी गई। मौके पर पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर दुर्गा सिंह अत्री,पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर जायसवाल, सुरेश त्रेहन, अविनाश, विजय गुंबर, नरिंद्र शाह, ब्रह्मपाल राणा, जरनैल सिंह माजरा, गुलजार सिंह, सुरिंदर शर्मा खोजकीपुर, विश्वनाथ यादव, राजकुमार, रतन लाल टांक, भास्कर शर्मा, गगन डांग, मलकियत सिंह, गगन मारवाह, रोहित, श्याम मनचन्दा, गुलशन धीमान, प्रमोद अग्रवाल, अजय पहलवान आदि रहे।



**नारायणगढ़।** परेड की सलामी लेते राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा व अन्य।

## राज्यसभा सांसद कार्तिकेय ने फहराया तिरंगा

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर अनाज मंडी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के परिजनों व वार विधवाओं तथा सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों व मीडिया कर्मियों को भी सम्मानित किया।समारोह में पुलिस तथा विभिन्न स्कूलों की एनसीसी टुकडियों ने मार्च पास्ट कर सलामी दी। इस अवसर पर अपने संदेश में राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर वे सभी को शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि 75 वर्ष पहले हमारा संविधान लागू हुआ था। यह ऐतिहासिक दिन देशवासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढने के लिए साहस और प्रेरणा देता है। यह दिन हमें भारत गणराज्य की स्थापना की याद दिलाता है। इस दिन हम उन महापुरुषों को भी याद करते हैं, जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता दिलवाने और भारतीय संविधान को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## गणतंत्र दिवस पर किसानों ने किया ट्रैक्टर मार्च



**अंबाला।** मटहेड़ी शेखां गांव के पास सड़क पर लाइन में खड़े ट्रैक्टरों का दृश्य।

**अंबाला।** भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह की अगुवाई में किसानों ने गणतंत्र दिवस पर मटहेड़ी शेखां से लेकर पंजोखरा साहिब तक ट्रैक्टर मार्च निकाला। इस दौरान सड़कों पर ट्रेक्टरों की लंबी लाइनें देखकर पुलिस को भी पसीना आ गया। आनन फानन में ट्रैक्टर मार्च को लेकर पुलिस की ओर से सुरक्षा के लिए जरुरी बंदोबस्त किए गए। मटेहड़ी शेखां से शुरू हुआ ट्रैक्टर मार्च पंजोखरा साहिब पहुंचा। यहां किसानों ने पंजोखरा साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेककर अपने लिए दिल्ली कूच की अरदास की। किसानों ने 13 फरवरी को दिल्ली कूच का ऐलान किया। भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के आह्वान पर सुबह से ही किसान मटहेड़ी शेखां में एकजुट हुए थे। यहां से ट्रैक्टर मार्च निकालते हुए लखनौर साहिब के लिए रवाना हुए। किसान भारी संख्या में ट्रैक्टर लेकर मार्च में शामिल हुए। लखनौर साहिब से आगे मिर्जापुर होते हुए शाहपुर-मच्छौंडा पहुंचे। शहीद भगत सिंह किसान यूनियन के अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली कूच के दौरान सरकार के सामने फसलों पर एमएसपी गारंटी कानून बनाने, किसानों को कर्जा मुक्ति करने, लखीमपुर खीरी के किसानों को इंसाफ, अधिगृहीत की जाने वाली जमीनों को 4 गुना रेट देना व बिजली बिलों को रद्द करने मांग रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान केंद्र सरकार ने फसलों पर एमएसपी गारंटी कानून बनाने की बात कही थी। मगर अब तक सरकार ने अपने उस वायदे को पूरा नहीं किया है। किसानों ने ऐलान किया कि अगर सरकार ने उनकी मांगों पर विचार नहीं किया तो फिर दूसरा किसान आंदोलन होगा। सभी किसान दिल्ली में ही डेरा डाल लेंगे।

पेट्रोलियम नेचुरल गैस रेगूलेटरी बोर्ड की ओर से पूरे देश में शुरू किया अभियान

# अब सेक्टर 9 के हर घर में सप्लाई होगी पाइप नेचुरल गैस

- दो घरों में कनेक्शन देने के साथ काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** पीएनजी गैस कनेक्शन के लिए सैक्टर नौ के लोगों को जागरुक करते कंपनी अधिकारी।

पेट्रोलियम नेचुरल गैस रेगूलेटरी बोर्ड की ओर से गणतंत्र दिवस के मौके पर पूरे भारत में पाइप नेचुरल गैस अभियान की शुरूआत की गई। इसी कड़ी में हिंदुस्तान पेट्रोलियम ऑयल गैस कंपनी द्वारा सेक्टर-9 में दो घरों में पाइप नेचुरूल गैस कनेक्शन लगाने का काम किया गया। इसके साथ-साथ प्रचार के माध्यम से पूरे सेक्टर में पाइप नेचुरल गैस को लेकर लोगों को प्रेरित किया गया। हिंदुस्तान पेट्रोलियम ऑयल गैस के एरिया हैड अवनीत घनारा ने बताया कि सैक्टर नौ के दोनों घरों में एलीपीजी की जगह पाइप नेचुरल गैस कनेक्शन लगाने का काम किया गया। दोनों घरों के प्रतिनिधियों ने पाइप नेचुरल गैस लगने पर उनकी खुशी भी जाहिर की। घनारा ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मौके पर पूरे भारत में पाइप नेचुरल गैस को लेकर लोगों को जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में पाइप नेचुरल गैस को लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। सरकारी कार्यालयों के साथ-साथ उनके सरकारी आवासों पर अन्य जगहों पर इस गैस के इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि उपायुक्त डॉ. शालीन की ओर से इस कार्य में पुरजोर योगदान दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि अन्य गैसों के मुकाबले पाइप नेचुरल गैस काफी सुरक्षित एवं किफायती है। इसके लिए किसी तरह की स्टोरेज, बुकिंग व डिलीवरी की जरूरत नहीं है। जितनी गैस चलेगी मीटर के माध्यम से उसका बिल आएगा। बिल की अदायगी होते ही गैंस उपलब्ध रहेगी। यह 24 घंटे उपलब्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि लोगों का इस कार्य के लिए अच्छा रिस्पांस भी मिल रहा है। अभियान के तहत मोबाईल एप के बारे में भी लोगों को जानकारी दी गई है। डब्लूयडब्लूयडब्लूय.एचपी ऑयल गैस.इन पर जाकर इस गैस के कनेक्शन की पूरी जानकारी ली जा सकती है। स्वीकृति मिलने के बाद यह कार्य तुंरत किए जाने का प्रावधान है। लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से एक रैली का आयोजन किया गया। रैली को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस मौके पर कंपनी द्वारा पाईप नेचुरल गैस को लगाने का जो कार्य किया जा रहा है उसकी सराहना करते हुए लोगों को इस गैस के कनेक्शन लगवाने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने यह भी बताया कि गणतंत्र दिवस के मौके पर इस अभियान के तहत करूक्षेत्र स्थित एनआईटी में भी कार्यक्रम किया गया।